# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में माओवादी मारा गया

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **छत्तीसगढ़ के कांकेर ज़िले में सुरक्षा बलों ने** मुठभेड़ में एक **माओवादी को मार** गिराया। **कांकेर-नारायणपुर सीमा** पर **नक्सल विरोधी अभियान** के दौरान वन में गोलीबारी की एक घटना घटित हुई।

## मुख्य बिंदु

- **नक्सल विरोधी अभियान:**
  - **ज़िला रिज़र्व गार्ड (DRG)** और **सीमा सुरक्षा बल (BSF)** की एक संयुक्त टीम ने क्षेत्र में उत्तर बस्तर और माड़ डिवीज़नों के माओवादी कैडरों की उपस्थिति के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू किया।
  - **जनवरी 2025 से अब तक** छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ों में **50 माओवादी मारे जा चुके हैं।**
  - बस्तर **संभाग में सबसे अधिक** 34 माओवादी मारे गये।
- **वार्षिक माओवादी हताहत:**
  - **वर्ष 2024** में, सुरक्षा बलों ने राज्य भर में विभिन्न मुठभेड़ों में **219 माओवादियों को ढेर कर दिया था।**

## ज़िला रिज़र्व गार्ड (DRG)

- ज़िला रिज़र्व गार्ड (DRG) **छत्तीसगढ़ में एक विशेष पुलिस इकाई है, जिसे वर्ष 2008 में माओवादी हिंसा से** निपटने के लिये स्थापित किया गया था।
- इसमें **विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मचारी शामिल** होते हैं, जो प्रभावित ज़िलों में माओवाद-विरोधी अभियानों का संचालन करते हैं, **तलाशी एवं ज़ब्ती** करते हैं और **खुफिया जानकारी** एकत्रित करते हैं।
- माओवादी विद्रोह का सामना करने के लिये DRG **केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF)** जैसे अन्य सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करता है।

## सीमा सुरक्षा बल (BSF)

- BSF की **स्थापना वर्ष 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध** के बाद की गई थी।
- यह गृह मंत्रालय (MHA) के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत भारत संघ के **सात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों** में से एक है।
  - अन्य **केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल हैं: असम राइफल्स (AR), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG)** और **सशस्त्र सीमा बल (SSB)**।
- 2.65 लाख जवानों वाला यह बल पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं पर तैनात है।
  - **इसे भारतीय सेना के साथ** भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा, भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा और **नियंत्रण रेखा (LoC)** पर और **नक्सल विरोधी अभियानों** में तैनात किया गया है।
- BSF अपने अत्याधुनिक जलयान बेड़े के साथ **अरब सागर में सरक्रीक और बंगाल की खाड़ी में सुंदरवन डेल्टा** की रक्षा कर रहा है।
- यह प्रतिवर्ष अपने प्रशिक्षित जनशक्ति का एक बड़ा दल भेजकर **संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन** में समर्पित सेवाएँ प्रदान करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/maoist-killed-in-encounter-in-chhattisgarh